Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Singh Shri Suraj

an>

Title: Need to link Sakri-Hasanpur railway line via Barauni Junction, Bihar.

श्री सूरज सिंह (बलिया, बिहार) **:**महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के पास एक जनोपयोगी, सकरी-हसनपुर रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है। सकरी से हसनपुर रेल लाइन निर्माण पश्चात यह रेल लाइन बरौनी से जुड़े बगैर पूर्व एवं पूर्वोत्तर राज्य यथा बंगाल, उड़ीसा तथा दक्षिण क्षेत्रों की रेल यात्रा के साथ जुड नहीं पायेगा कयोंकि हसनपुर से बरौनी के लिये समस्तीपुर या खगडिया होकर घुमावदार रेल यात्रा करनी पडेगी, जिससे यात्रियों का समय और धन का अपव्यय होगा।

हसनपुर एवं बरौनी इस क्षेत्र के दो प्रमुख औद्योगिक स्थल होने के साथ साथ कृाि उत्पादन (गन्ना) पर्यटन एवं सांस्कृतिक दृटिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है। इस क्षेत्र का रेल मानचित्र देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सिर्फ हसनपुर से बरौनी का ही यह स्थान रेल सेवा से अछूता रह जाता है। सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्र होने के साथ साथ सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिये रेल सेवा से जुड़ने का यही एक रेल लाइन माध्यम हो सकता है। प्रस्तावित सकरी से हसनपुर रेल लाइन बरौनी से जुड़े बगैर अधूरी एवं अप्रासांगिक के साथ साथ अलाभप्रद भी सिद्ध होगी।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि प्रस्तावित सकरी-हसनपुर रेल लाइन को अधिकाधिक प्रभावी, लोकप्रिय, लाभकारी, जनोपयोगी बनाने के साथ साथ औद्योगिक विकास, कृाि उत्पादन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के कारणों से इसका ि वस्तार बरौनी जंक्शन तक करने हेतु आगामी रेल बजट -2007 में शामिल करने हेतु अविलम्ब योजना की स्वीकृति प्रदान किया जाये।